an>

Title: Regarding potable water crisis in Dausa Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री हरीश मीना (दौसा) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे मेरे संसदीय क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। मेरे संसदीय क्षेत्र दौसा में पीने के पानी की बहुत गंभीर समस्या है, वहां 36 से 48 घंटे के बीच में पीने का पानी मिलता है और वह भी सिर्फ आधा घंटे के लिए मिलता है। वहां जो पानी मिलता है, उसमें फ्लोराइड की मात्रा बहुत अधिक है। 67 सालों की आजादी के बाद भी पानी जैसी मूलभूत सुविधा के लिए अगर भारत का नागरिक तरस रहा है तो यह पूरे देश के लिए शर्म की बात है।

महोदया, मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप केन्द्र सरकार और राज्य सरकार को निर्देश दें कि पीने का पानी जो जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण वस्तु है, उसकी तुरंत व्यवस्था करें, ताकि आम आदमी को पीने का पानी मिल सके। उस क्षेत्र में गरीब लोग रहते हैं, वे न तो बोतल का पानी खरीद सकते हैं और न वहां सरकारी सप्लाई है और न ग्राउंड वाटर उपलब्ध है।

मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि एक समयबद्ध तरीके से इसकी योजना बनाई जाए, ताकि मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र दौसा में पीने के पानी की व्यवस्था हो सके।